प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 30.05.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- सरकार ने स्पष्ट किया–देश में पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध–तेल कंपनियों को 30 दिन का एलपीजी स्टॉक संरक्षित करने के निर्देश दिये।
- भारत ने मातृ और शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा वित्तीय सुरक्षा में उल्लेखनीय प्रगति की–देश में संस्थागत प्रसव बढ़कर 90 दशमलव छह प्रतिशत हुआ।
- प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित–मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्रियों ने किया श्रमदान।
- मौसम में आये बदलाव के बाद पूर्वी उत्तरी जिलों में प्रचण्ड गर्मी से मिली राहत–अगले दो दिन आंधी–बारिश की गतिविधियां जारी रहने का पूर्वानुमान।

00000

सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में बाधा को देखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को 30 दिन का एलपीजी भंडार संरक्षित करने का निर्देश दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त भंडार है और सभी शोधन संयंत्र अधिकतम स्तर पर काम कर रहे हैं। देश में प्रति दिन 92 हजार मीट्रिक टन रसोई गैस का उत्पादन हो रहा है जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और ऊर्जा बचाने की अपील की।

00000

इस बीच दो लाख 70 हजार मीट्रिक टन कच्चे तेल के साथ भारतीय वाणिज्य जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकल गया है और इसके तीन जून तक स्वदेश पहुंचने की उम्मीद है।

इधर पचपदरा एचपीसीएल रिफाइनरी में बीते महीने संयत्र में आग के बाद रूकी हुई गतिविधियों और कार्यो की प्रगति को लेकर मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने एचपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। रिफाइनरी से आगामी 1 जून से कमिश्निंग गतिविधियां शुरू होने की उम्मीद है। इसके साथ ही विभिन्न पेट्रोलियम उत्पादों की निकासी भी अगले कुछ सप्ताह में शुरू होने की संभावना है।

00000

भारत ने मातृ और शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा वित्तीय सुरक्षा में उल्लेखनीय प्रगति की है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से कल जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के छठे चरण के आंकडो के अनुसार देश में संस्थागत प्रसव बढ़कर 90 दशमलव छह प्रतिशत हो गया है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत की कुल प्रजनन दर दो पर बनी हुई है। सर्वेक्षण के अनुसार 12 से 23 महीने के बच्चों को लगे टीकों का आंकडा लगातार 96 प्रतिशत से अधिक बना हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि ये सुधार मिशन परिवार विकास सहित राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रमों के निरंतर प्रभाव को प्रदर्शित करते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार महिलाओं की डिजिटल समावेशन और वित्तीय सशक्तिकरण में निरंतर प्रगति हुई है। इसमें कहा गया है कि इंटरनेट का उपयोग करने वाली महिलाओं की संख्या लगभग दोगुनी होकर 64 दशमलव तीन प्रतिशत पर पहुंच गई है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि आयुष्मान भारत और विस्तारित स्वास्थ्य सुरक्षा पहलों ने स्वास्थ्य सेवा में वित्तीय सुरक्षा मजबूत की है।

00000

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि नीट पेपर लीक मामले में चूक की जिम्मेदारी तय की जानी होगी। न्यायालय की पीठ इस मामले में दायर याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। इनमें एक याचिका में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी दृ एनटीए के पुनर्गठन या इसे हटाने का निर्देश देने और इसके स्थान पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिये एक सशक्त और स्वायत्त निकाय के गठन की मांग की गयी थी। पीठ ने केंद्र से हलफनामा दायर करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई के दूसरे सप्ताह में होगी।

00000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड – का पोस्ट रिजल्ट एक्टिविटी पोर्टल 1 जून से सक्रिय हो जायेगा। आवेदन करने के इच्छुक विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए यह पोर्टल शुरू किया जा रहा है। इससे मूल्यांकन का सर्वोच्च मानदंड स्थापित होगा। बोर्ड ने विद्यार्थियों को किसी भी जानकारी के लिए सीबीएसई की टेली परामर्श हेल्पलाइन पर सम्पर्क करे की सलाह दी है। इधर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिये है। 12वीं का परिणाम 71 दशमलव 65 प्रतिशत और 10वीं कक्षा का परिणाम 64 दशमलव 69 प्रतिशत रहा है।

00000

प्रदेश में चल रहे वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान" के तहत इन दिनों कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 25 मई से शुरू हुए अभियान के तहत जल स्त्रोतो की साफ सफाई और पेयजल संरचनाओं का जिणोद्वार तथा श्रमदान के साथ जागरूकता आयोजन तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रभारी मंत्रियों के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी इन आयोजनों में बढचढकर शिरकत कर रहे है। मुख्यमंत्री ने अभियान  के तहत कल जयपुर के नींदड़ वन क्षेत्र में श्रमदान किया। उन्होंने पक्षियों के लिए परिंडे लगाए और इको ट्रेल का लोकार्पण किया। इधर जल भवन परिसर में जल संरक्षण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्मिको ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किये और जल के सदुपयोग का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

बालोतरा के रेवाड़ा जैतमाल अमृत सरोवर पर केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत और राज्य मंत्री के के विश्नोई ने श्रम दान किया। चित्तौडगढ में प्रभारी मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने जिला अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान, की प्रगति की समीक्षा की।

00000

प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी जिलों के साथ कई हिस्सों में कल देर शाम मौसम में अचानक बदलाव से लोगों को बढते तापमान से निजात मिली है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जयपुर सहित आठ शहरों में दोपहर बाद आंधी बारिश की गतिविधियां दर्ज की गई। इस दौरान राजधानी सहित आस पास के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग के अनुसार भीषण गर्मी के बीच जयपुर, बीकानेर, चूरू, धौलपुर, अलवर और झुंझुनूं जिलो में वर्षा हुई। झुंझुनूं जिले के कई इलाकों में अंधड़ आया। इस दौरान आसमान में धूल का गुबार छा गया। सवाईमाधोपुर जिला मुख्यालय सहित आस–पास के इलाको में देर शाम मौसम का मिजाज बदला और धूलभरी आंधी के साथ झमाझम बारिश ने लोगों को तेज गर्मी से राहत दी। धौलपुर, भरतपुर, दौसा सहित पूवी जिलों में भी मौसम के बदलाव से लोगों को बढते तापमान से निजात मिली। अजमेर में दिनभर तेज धूप के बाद देर शाम मौसम ने करवट बदली और आंधी, बिजली की गतिविधियों के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया जो देर रात तक जारी रहा। बेमौसम की बरसात से जिले में कई स्थानों पर पेड़ों के गिरने और बिजली के पोल उखडने की खबर है। हाडौती क्षेत्र में भी आंधी बारिश की गतिविधियां हुई जिससे लोगों को बढती गर्मी से राहत मिली। नागौर और आस पास के इलाकों में भी देर रात तेज हवाओं के साथ आई बारिश ने लोगों को गर्मी से कुछ निजात दिलाई। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई।

00000

मौसम विभाग जयपुर केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज और कल जयपुर, भरतपुर, अजमेर और कोटा संभागों में बारिश के साथ मेघ गर्जन और आंधी की गतिविधियां बनी रह सकती है। दूसरी ओर प्रदेश के पश्चिमी और सरहदी जिलों में बीते 24 घंटों के दौरान भीषण गर्मी की स्थिति बनी रही। जैसलमेर में दोपहर के समय बाजार और सार्वजनिक स्थान सूने दिखाई दिये। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां चारे और पानी की किल्लत के चलते पशुधन भी बेहाल दिखाई दे रहे है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में कल अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण सुबह 11 बजे से आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जायेगा।

00000

आईपीएल क्रिकेट के मौजूदा संस्करण में राजस्थान रॉयल्स का सफर समाप्त हो गया है। न्यू चंडीगढ में कल दूसरे क्वालीफायर में गुजरात टाइटन्स ने राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। राजस्थान रॉयल्स निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर दो सौ 14 रन की बेहतरीन पारी खेली। लेकिन गुजरात टाइटन्स ने 18 ओवर और चार गेंद में तीन विकेट खोकर दो सौ 19 रन बनाकर मैच जीत लिया। प्रतियोगिता का फाइनल कल गुजरात टाइटन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा।

00000